INFUSION NOTES

WHEN ONLY THE BEST WILL DO

# राजस्थान SI

## उपनिरीक्षक / प्लाटून कमांडर

**भाग – 4**

**भूगोल + इतिहास + राजव्यवस्था + अर्थव्यवस्था (भारत)**

# प्रस्तावना

*प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स "**राजस्थान उपनिरीक्षक (SI / प्लाटून कमांडर)** को एक विभिन्न अपने अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है / ये नोट्स पाठकों को **राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC)** द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा **"राजस्थान उपनिरीक्षक (SI / प्लाटून कमांडर)" की** परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगें **/***

***अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती हैं / अतः आप सूचि पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं/***

**प्रकाशकः**

***INFUSION NOTES***

जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)

मो : 01414045784, 9887809083

ईमेल : contact@infusionnotes.com

वेबसाइट : http://www.infusionnotes.com

WhatsApp करें - https://wa.link/c37ssj

Online Order करें - https://shorturl.at/mpOV7

**मूल्य : ₹**

**संस्करण : नवीनतम**

| क्र. सं. | अध्याय | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| | भारत का भूगोल | |
| 1. | सामान्य परिचय | 1 |
| 2. | भौतिक विशेषताएं और प्रमुख भौतिक विभाजन | 2 |
| 3. | नदियाँ एवं झीलें | 7 |
| 4. | जलवायु | 12 |
| 5. | प्राकृतिक वनस्पति | 15 |
| 6. | भारत में मृदा | 18 |
| 7. | कृषि और कृषि आधारित गतिविधियां | 20 |
| 8. | खनिज एवं ऊर्जा संसाधन | 26 |
| 9. | प्रमुख उद्योग और औद्योगिक विकास | 36 |
| 10. | परिवहन एवं प्रमुख परिवहन गलियारे | 43 |
| | भारत का इतिहास | |
| 1. | प्रागैतिहासिक काल (प्राचीन काल) | 52 |
| 2. | वैदिक संस्कृति | 55 |
| 3. | बौद्ध धर्म, जैन धर्म एवं शैव धर्म | 59 |
| 4. | महाजनपद काल | 63 |
| 5. | मौर्य काल एवं मौर्योत्तर काल | 64 |
| 6. | गुप्त काल एवं गुप्तोत्तर काल | 67 |
| 7. | प्राचीन भारत में कला एवं वास्तु | 70 |
| | मध्यकालीन भारत | |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अरबों का सिन्ध पर आक्रमण | 84 |
| 2. | दिल्ली सल्तनत के प्रमुख राजवंश | 86 |
| 3. | बहमनी एवं विजयनगर साम्राज्य | 94 |
| 4. | मुगल साम्राज्य (1526 – 1707 ई.) | 96 |
| 5. | भक्ति एवं सूफी आंदोलन | 104 |
| | <u>आधुनिक भारत का इतिहास</u> | |
| 1. | 18 वीं शताब्दी के आसपास अंग्रेजों की राजनीतिक एवं प्रशासनिक नीतियाँ | 106 |
| 2. | 1857 ई. का विद्रोह (1857 की क्रांति से पूर्व के जन आंदोलन | 112 |
| 3. | सामाजिक – धार्मिक सुधार आंदोलन (19 वीं सदी) | 116 |
| 4. | राष्ट्रीय आंदोलन | 119 |
| 5. | गाँधी युग | 124 |
| 6. | क्रांतिकारी आंदोलन से आजादी तक | 129 |
| 7. | स्वतंत्रता के आसपास का भारत | 132 |
| | <u>भारत का संविधान</u> | |
| 1. | संवैधानिक विकास | 135 |
| 2. | संविधान सभा | 137 |
| 3. | संविधान की प्रमुख विशेषताएं | 139 |
| 4. | संविधान की प्रस्तावना | 142 |
| 5. | मौलिक अधिकार | 144 |

| | | |
|---|---|---|
| 6. | राज्य के नीति निदेशक तत्व | 147 |
| 7. | मौलिक कर्तव्य / मूल कर्तव्य | 148 |
| 8. | संविधान संशोधन | 150 |
| 9. | आपातकालीन उपबंध | 155 |
| 10. | जनहित याचिका और न्यायिक समीक्षा | 157 |
| 11. | केन्द्र- राज्य सम्बन्ध | 161 |
| 12. | गठबंधन सरकारें | 164 |
| 13. | राजनीतिक दल | 167 |
| 14. | राष्ट्रपति | 170 |
| 15. | उपराष्ट्रपति | 185 |
| 16. | भारतीय संसद | 186 |
| 17. | प्रधानमंत्री एवं मंत्रिपरिषद् | 191 |
| 18. | सर्वोच्च न्यायालय | 192 |
| 19. | राज्य विधान मंडल | 194 |
| 20. | निर्वाचन आयोग | 198 |
| 21. | नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक | 201 |
| 22. | योजना आयोग | 202 |
| 23. | राष्ट्रीय विकास परिषद् | 204 |
| 24. | केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) | 204 |
| 25. | केंद्रीय सूचना आयोग | 208 |
| 26. | लोकपाल | 211 |
| 27. | राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) | 213 |
| 28. | स्थानीय स्वशासन और पंचायती राज | 215 |

| | अर्थशास्त्र | |
|---|---|---|
| 1. | अर्थशास्त्र की मूलभूत अवधारणायें | 219 |
| 2. | बजट एवं बजट निर्माण | 222 |
| 3. | बैंकिंग | 231 |
| 4. | सार्वजनिक वित्त (लोक वित्त) | 246 |
| 5. | राष्ट्रीय आय | 250 |
| 6. | संवृद्धि एवं विकास का आधारभूत ज्ञान | 256 |
| 7. | लेखांकन – अवधारणा, उपकरण एवं प्रशासन में उपयोग | 258 |
| 8. | स्टॉक एक्सचेंज एवं शेयर बाजार | 266 |
| 9. | राजकोषीय एवं मौद्रिक नीतियाँ | 271 |
| 10. | सब्सिडी एवं लोक वितरण प्रणाली | 272 |
| 11. | ई–कॉमर्स | 277 |
| 12. | मुद्रास्फीति – अवधारणा, प्रभाव एवं नियंत्रण तंत्र | 281 |
| 13. | भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्र | 286 |
| 14. | आर्थिक समस्याएं एवं सरकार की पहलें | 290 |
| 15. | मानव संसाधन एवं आर्थिक विकास | 296 |
| 16. | गरीबी एवं बेरोजगारी | 299 |
| 17. | केंद्र सरकार की योजनाएँ | 306 |

# भारत का भूगोल

## अध्याय – 1

## सामान्य परिचय

- भारत एशिया महाद्वीप का एक देश है, जो एशिया के दक्षिणी भाग में स्थित है तथा तीन ओर समुद्रों से घिरा हुआ है। पूरा भारत उत्तरी गोलार्द्ध में पड़ता है।
- भारत का अक्षांशीय विस्तार 8°4' उत्तरी अक्षांश से 37°6'उत्तरी अक्षांश तक है।
- भारत का देशान्तर विस्तार 68°7' पूर्वी देशान्तर से 97°25' पूर्वी देशान्तर तक है।
- भारत का क्षेत्रफल 32,87,263 वर्ग किमी. है।
- क्षेत्रफल की दृष्टि से संसार में भारत का सातवाँ स्थान है। यह रूस के क्षेत्रफल का लगभग 1/5, संयुक्त राज्य अमेरिका के क्षेत्रफल का 1/3 तथा ऑस्ट्रेलिया के क्षेत्रफल का 2/5 है।
- जनसंख्या की दृष्टि से संसार में भारत का चीन के बाद दूसरा स्थान है।
- विश्व का 2.4% भूमि भारत के पास है जबकि विश्व की लगभग 17.5% (वर्ष 2011 के अनुसार) जनसंख्या भारत में रहती है।
- भारत के उत्तर में नेपाल, भूटान व चीन, दक्षिण में श्रीलंका एवं हिन्द महासागर, पूर्व में बांग्लादेश, म्यांमार एवं बंगाल की खाड़ी तथा पश्चिम में s दक्षिणतम बिन्दु - इन्दिरा प्वाइंट (ग्रेट निकोबार में है)।
  भारत का उत्तरी अन्तिम बिन्दु- इंदिरा कॉल (लद्दाख) हैकर्क रेखा (Tropic of Cancer) भारत के बीचों -बीच से गुजरती है।

➢ भारत के जिन राज्यों में से होकर कर्क रेखा गुजरती है वे हैं- गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, पश्चिमी बंगाल, त्रिपुरा और मिजोरम ।

➢ भारत को पाँच प्राकृतिक भागों में बाँटा जा सकता है ।

1. उत्तर का पर्वतीय प्रदेश
2. उत्तर का विशाल मैदान
3. दक्षिण का प्रायद्वीपीय पठार
4. समुद्री तटीय मैदान
5. थार का मरुस्थल

➢ भारत का मानक समय (Indian Standard Time) इलाहाबाद के पास नैनी से लिया गया है। जिसका देशान्तर 82°30 पूर्वी देशान्तर है। (वर्तमान में मिर्जापुर) यह ग्रीनविच माध्य समय (GMT) से 5 घण्टे 30 मिनट आगे है।

➢ भारतीय मानक समय की देशांतर रेखा (82°30) उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा एवं आंध्रप्रदेश से गुजरती है।

➢ भारत की लम्बाई उत्तर से दक्षिण तक 3214 किमी. तथा पूर्व से पश्चिमी तक 2933 किमी. है।

➢ भारत की समुद्री सीमा मुख्य भूमि, लक्षद्वीप और अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह की तटरेखा की कुल लम्बाई 7,516.6 कि.मी है जबकि स्थलीय सीमा की लम्बाई 15,200 किमी. है। भारत की मुख्य भूमि की तटरेखा 6,100 किमी. है।

| शीर्ष पाँच भौगोलिक क्षेत्र वाले जिले भारत में | |
|---|---|
| **जिला** | **क्षेत्रफल वर्ग किमी.** |
| कच्छ | 45652 |
| लेह | 45110 |
| जैसलमेर | 38428 |
| बाड़मेर | 28387 |
| बीकानेर | 27284 |

| शीर्ष पाँच क्षेत्रफल वाले राज्य | |
|---|---|
| **राज्य** | **क्षेत्रफल वर्ग किमी.** |
| राजस्थान | 342239 |
| मध्यप्रदेश | 308245 |
| महाराष्ट्र | 307713 |
| उत्तर प्रदेश | 240928 |
| गुजरात | 196024 |

**देश की चतुर्दिक सीमा बिन्दु**

दक्षिणतम बिन्दु- इन्दिरा प्वाइंट (ग्रेट निकोबार द्वीप)
उत्तरी बिन्दु- इन्दिरा कॉल (लद्दाख)
पश्चिमी बिन्दु- सर क्रीक (गुजरात)
पूर्वी बिन्दु-किबिथु (अरुणाचल प्रदेश)
मुख्य भूमि की दक्षिणी सीमा- कन्याकुमारी (तमिलनाडु)

| स्थलीय सीमाओं पर स्थित भारतीय राज्य | |
|---|---|
| पाकिस्तान (4) | गुजरात, राजस्थान, पंजाब, जम्मू और कश्मीर |
| अफगानिस्तान(1) | जम्मू और कश्मीर |
| चीन (5) | लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तरांखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश |
| नेपाल (5) | उत्तर प्रदेश, उत्तरांखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम |
| भूटान (4) | सिक्किम, पश्चिम बंगाल, असम, अरुणाचल प्रदेश |
| बांग्लादेश (5) | पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम |
| म्यांमार (4) | अरुणाचल प्रदेश,नागालैण्ड, मणिपुर, मिजोरम |

| प्रमुख चेंनल / जलडमरूमध्य | |
|---|---|
| विभाजित स्थल खण्ड | चेंनल/खाड़ी/स्ट्रेट |
| इन्दिरा प्वाइंट-इण्डोनेशिया | ग्रेट चेंनल |
| लघु अंडमान-निकोबार | 10°चेंनल |
| मिनीकॉय-लक्षद्वीप | 9° चेंनल |
| मालदीव-मिनीकाय | 8° चेंनल |
| भारत-श्रीलंका | मन्नार की खाड़ी |
| पाक की खाड़ी | पाक स्ट्रेट |

- क्षेत्रफल की दृष्टि से अण्डमान-निकोबार द्वीप समूह सबसे बड़ा केन्द्र-शासित प्रदेश है।
- क्षेत्रफल की दृष्टि से लक्षद्वीप सबसे छोटा केन्द्र-शासित प्रदेश है।
- जनसंख्या की दृष्टि से दिल्ली सबसे बड़ा केन्द्र शासित प्रदेश है।
- जनसंख्या की दृष्टि से लक्षद्वीप सबसे छोटा केन्द्र शासित प्रदेश है।
- मध्य प्रदेश भारत का सबसे बड़ा पठारी राज्य है।
- मध्य प्रदेश में वन (जंगल) सबसे अधिक है।
- भारत में द्वीपों की कुल संख्या 248 है बंगाल की खाड़ी में 223 तथा अरब सागर में 25 द्वीप है ।
- पूर्वी घाट को कोरोमंडल तट के नाम से जाना जाता है।
- पश्चिमी घाट को मालाबार तट के नाम से जाना जाता है।
- उत्तर प्रदेश की सीमा सबसे अधिक राज्यों (8) को छूती है- उत्तरांचल, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड एवं बिहार। ]
- भारत में सर्वाधिक नगरों वाला राज्य उत्तर प्रदेश है जबकि मेघालय में सबसे कम नगर हैं।
- भारत में सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या वाला राज्य महाराष्ट्र है जबकि सबसे कम नगरीय जनसंख्या सिक्किम में है।
- भारत में राष्ट्रीय राज मार्ग की कुल लम्बाई 1,42,126 लगभग किमी. हैं।
- भारत का सबसे लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 7 है जो बनारस से कन्याकुमारी तक जाता है (3,745 किमी.)।
- वर्ष 2020 में भारत में रेलमार्ग की कुल लम्बाई 67,956 किमी थी जबकि रनिंग ट्रैक लम्बाई सहित यह 99,235 किमी है। यार्ड, साइडिंग आदि मिलाकर कुल मार्ग 1,26,366 किमी है।
- तिरुअनन्तपुरम एवं कोचीन (केरल) नगरों में मानसून की सर्वप्रथम वर्षा होती है।

| पड़ोसी देशों के मध्य सीमा विस्तार | |
|---|---|
| भारत-बांग्लादेश सीमा | 4096 किमी. |
| भारत-चीन | 3488 किमी. |
| भारत-पाक सीमा | 3323 किमी. |
| भारत - नेपाल सीमा | 1751 किमी. |
| भारत - म्यांमार सीमा | 1643 किमी. |
| भारत - भूटान सीमा | 699 किमी. |
| भारत – अफगानिस्तान | 106 किमी. (वर्तमान में POK में स्थित है) |

## अध्याय – 2

## भौतिक विशेषताएं और प्रमुख भौतिक विभाजन

- भारत की स्थलाकृति को पांच भागों में बाँटा जा सकता है।
  - उत्तर भारत का पर्वतीय क्षेत्र
  - प्रायद्वीपीय पठार
  - मध्यवर्ती विशाल मैदान
  - तटवर्ती मैदान
  - द्वीप समूह

### पर्वत

#### 1. उत्तर भारत का विशाल पर्वतीय क्षेत्र

- यह विश्व की सर्वोच्च पर्वतीय स्थलाकृति है, जिसका विस्तार भारत के पश्चिम से लेकर पूर्व तक है ।
- इस पर्वतीय श्रेणी को तीन भागों में बाँटा जा सकता है।
  1. ट्रांस हिमालय श्रेणी
  2. हिमालय पर्वत श्रेणी
  3. पूर्वांचल की पहाड़ियों
- **ट्रांस हिमालय** का निर्माण हिमालय से भी पहले हो चुका था इसके अन्तर्गत काराकोरम लद्दाख कैलाश व जास्कर श्रेणी आती है ।
- इन श्रेणियों पर वनस्पति का अभाव पाया जाता है।
- काराकोरम श्रेणी - यह ट्रांस हिमालय की सबसे उत्तरी श्रेणी है।
- भारत की सबसे ऊंची चोटी k2 या गाडविन ऑस्टिन (8611 m) काराकोरम श्रेणी पर ही स्थित है।
  - यह विश्व की दूसरी सबसे ऊँची चोटी है ।
  - काराकोरम दर्रा एवं इंदिरा कॉल इसी दर्रा में स्थित हैं
  - काराकोरम दर्रा काराकोरम श्रृंखला पर स्थित कश्मीर को चीन से जोड़ने वाला संकीर्ण दर्रा हैं ।
  - काराकोरम श्रृंखला पर भारत का सबसे लम्बा ग्लेशियर सियाचिन स्थित है ।
  - विश्व का सबसे ऊँचा सैनिक अड्डा (सियाचिन) यहीं अवस्थित है ।
  - काराकोरम श्रेणी पर चार प्रमुख हिमनद (ग्लेशियर) स्थित हैं।
    - सियाचिन (72 km)
    - बाल्टोरो - (58km)
    - बीयाफो – 63 km
    - हिस्पर (61 Km)

**लद्दाख श्रेणी** - विश्व की सबसे बड़ी ढाल वाली चोटी राकापोशी लद्दाख श्रेणी पर ही स्थित है ।

- लद्दाख श्रेणी दक्षिण पूर्व की ओर कैलाश श्रेणी के रूप में स्थित है। यह श्रेणी सिन्धु नदी व इसकी सहायक नदी के बीच जल विभाजक का कार्य करती है।
- यह भारत का न्यूनतम वर्षा वाला क्षेत्र है ।
- इसका सर्वोच्च शिखर माउंट कैलाश है ।

**जास्कर श्रेणी** - यह ट्रांस हिमालय की सबसे दक्षिणी श्रेणीहै।

- नंगा पर्वत इस पर्वत श्रेणी की सबसे ऊँची चोटी है।
- लद्दाख व जास्कर श्रेणीयों के बीच से ही सिन्धु नदी बहती है।

**1. वृहत् या हिमाद्रि या महान हिमालय** - इसका विस्तार नंगा पर्वत से नामचा बरवा पर्वत तक धनुष की आकृति में फैला हुआ है जिसकी कुल लम्बाई 2500 km तक है तथा औसत ऊँचाई 6100 मी॰ तक है। विश्व की सर्वाधिक ऊँची चोटियाँ इसी श्रेणी पर पाई जाती है जिसमें प्रमुख है-

- माउंट एवरेस्ट (8848 मी.) विश्व की सबसे ऊँची चोटी
- कंचनजंगा (8598 मी.)
- मकालू (8481 मी.)
- धौलागिरी (8172 मी.)
- अन्नपूर्णा (8076 मी.)
- नंदा देवी (7817 मी.)
- एवरेस्ट को पहले तिब्बत में 'चोमोलुगंमा' के नाम से जाना जाता था जिसका अर्थ 'पर्वतो की रानी'।
- हिमालय का निर्माण भारतीय सह – ऑस्ट्रलियाई प्लेट एवं यूरोशियाई प्लेट की अभिसरण प्रक्रिया से हुआ है ।
- एवरेस्ट, कंचनजंगा, मकालू, धौलागिरि, नंगा पर्वत , नामचा बरवा इसके महत्त्वपूर्ण शिखर है/
- भारत में हिमालय की सर्वोच्च ऊँची चोटी कंचनजंगा यही स्थित हैं/
- यह विश्व की तीसरी सबसे ऊँची चोटी है/

**2. लघु या मध्य हिमालय** -

- महान हिमालय के दक्षिण में तथा शिवालिक के उत्तर में इसका विस्तार है। इसकी सामान्य ऊँचाई 3700 से 4500 मी. है/
- इसके अन्तर्गत कई श्रेणियाँ पाई जाती हैं।
- पीर पंजाल (जम्मू कश्मीर)
- धौलाधार (हिमाचल प्रदेश)
- नाग टिब्बा (उत्तराखंड )
- कुमायूँ (उत्तराखंड )
- महाभारत (नेपाल)
- लघु हिमालय तथा महान हिमालय के बीच कई घाटियों का निर्माण हुआ है ।
- कश्मीर की घाटी (जम्मू कश्मीर)
- कुल्लू - काँगड़ा घाटी (हिमाचल प्रदेश)
- काठमांडू घाटी (नेपाल )
- लघु हिमालय अपने स्वास्थ्यवर्धक पर्यटन स्थलों के लिए भी प्रसिद्ध है जिसके अन्तर्गत शामिल हैं –
- कुल्लू, मनाली, डलहौजी, धर्मशाला, शिमला (हिमाचल प्रदेश) अल्मोड़ा, मसूरी, चमोली (उत्तराखंड )
- लघु हिमालय की श्रेणीयों की ढालों पर शीतोष्ण घास के मैदान पाये जाते हैं जिन्हे जम्मू-कश्मीर में मर्ग (गुलमर्ग, सोनमर्ग) व उत्तराखंड में 'बुग्याल व पयार' कहा जाता है।

**शिवालिक या बाह्य हिमालय**

- मध्य हिमालय के दक्षिण में शिवालिक हिमालय की अवस्थिति को बाह्य हिमालय के नाम से जानते हैं ।
- यह लघु हिमालय के दक्षिण में स्थित है।
- शिवालिक और लघु हिमालय के बीच स्थित घाटियों को पश्चिम में दून (जैसे- देहरादून, कोटलीदून, पाटलीदून) व पूर्व में द्वार (जैसे- हरिद्वार) कहते है।
- शिवालिक को जम्मू कश्मीर में कश्मीर पहाड़ियाँ तथा अरुणाचल प्रदेश में डाफला, मिरी, अबोर व मिश्मी की पहाड़ियो के नाम से जाना जाता है।

**चोस- (Chos)**

- शिवालिक से पंजाब व हिमाचल प्रदेश में छोटी- छोटी धाराएँ निकलती हैं जिन्हें स्थानीय भाषा में चोस कहा जाता है।
- ये धाराएँ शिवालिक का अपरदन कर देती है एवं शिवालिक को कई भागो बाँट देती हैं ।

**करेवा**

पीरपंजाल श्रेणी के निर्माण के समय कश्मीर घाटी में कुछ अस्थायी झीलों का निर्माण हुआ जो नदियों के द्वारा लेकर आए अवसाद के कारण ये झीलें अवसाद से भर गई । ऐसे उपजाऊ क्षेत्रों में जाफरन / केसर की खेती की जाती है जिन्हें करेवा कहा जाता है।

**ऋतु प्रवास**

जम्मू और कश्मीर में रहने वाली जनजातियों गुज्जर, बकरवाल, झुकिया, भूटिया इत्यादि मध्य हिमालय में बर्फ के पिछलने के उपरान्त निर्मित होने वाले घास के मैदानों में अपने पशुओं को चराने के लिए प्रवास करते हैं तथा ये पुनः सर्दियों के दिनों में मैदानी भागों में आ जाते हैं जिसे ऋतु प्रवास कहा जाता है।

**पूर्वांचल की पहाड़ियाँ**

पूर्वांचल की पहाड़ियाँ हिमालय का ही विस्तार है नामचा बरवा के निकट हिमालय अक्षसंघीय मोड़ के कारण दक्षिण की ओर मुड़ जाता है । पटकाईबुम, नागा, मणिपुर, लुशाई, या मिजो पहाड़ी आदि हिमालय का विस्तार बन जाता हैं यह पहाड़ियाँ भारत एवं म्यांमार सीमा पर स्थित हैं/

- नागा पहाड़ी की सर्वोच्च चोटी माउंट सरमाटी (3826 मीटर) है ।
- मिजो पहाड़ी की सर्वोच्च चोटी ब्लू माउंट हैं
- पूर्वांचल की पहाड़िया काफी कटी - फटी हैं
- गारो खासी एवं जयंतिया पहाड़ी शिलांग के पठार पर अवस्थित हैं/
- पूर्वांचल की पहाड़ियाँ भारतीय मानसून को दिशा प्रदान करती हैं
- इस तरह यह पहाड़ियाँ जल विभाजक के साथ - साथ जलवायु विभाजक हैं

## भारत के प्रमुख दर्रे

- हिमालय विश्व की सबसे ऊँची पर्वतमाला हैं
- इन पर्वतमाला की कुछ दर्रे इस प्रकार हैं –

1. पश्चिमी हिमालय के दर्रे
2. पूर्वी हिमालय के दर्रे
3. पश्चिमी घाट के दर्रे

### 1. पश्चिमी हिमालय के दर्रे : -

- **काराकोरम:** - यह काराकोरम श्रेणी मे अवस्थित है, जो उत्तर में स्थित है। इसकी ऊँचाई 5000 मी. है और भारत के लद्दाख को चीन के शिंजियांग प्रान्त से मिलाता है।
- **चांगला** : - यह लद्दाख को तिब्बत से मिलाता है, यह शीत ऋतु में हिमपाद के लिए बंद रहता हैं/
- **बनिहाल** : - यह पीरपंजाल श्रृंखला में स्थित हैं / इसी में जवाहर सुरंग स्थित है /
- **लानक ला** : - लद्दाख के चीन अधिकृत अक्साई चीन में स्थित हैं और तिब्बत की राजधानी तथा लद्दाख के बीच सम्पर्क बनाता हैं/
- **बरालाचा ला** :- यह मंडी और लेह को आपस में जोड़ता हैं इसी से मनाली – लेह सड़क गुज़रता हैं / यह शीत ऋतु बंद रहता है।
- **पीरपंजाल** : - यह पीरपंजाल पर्वत श्रेणी में स्थित है जम्मू से श्रीनगर जाने का मार्ग हैं लेकिन आजादी के बाद इसे बंद कर दिया गया है /
- **जोजिला** : - यह श्रीनगर, कारगिल एवं लेह के बीच संपर्क को स्थापित करता है इसके महत्त्व को देखते हुए श्रीनगर जोजिला सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया गया हैं/
- **खारदुंग ला** :- यह जम्मू - कश्मीर के काराकोरम पर्वत श्रेणी में छः हजार मीटर से भी अधिक ऊँचाई पर स्थित हैं इसी में भारत की सबसे ऊँची सड़क स्थित है /
- **थांग ला** : -इस दर्रे से देश की दूसरी सबसे ऊँची सड़क गुज़रती है ।
- **रोहतांग** :- यह हिमाचल के लौह और स्पीति के बीच में संपर्क बनाता है /
- **शिपकी ला** : -यह झेलम महाखंड पर छः हजार मीटर से अधिक की ऊँचाई पर स्थित हैं जो हिमाचल प्रदेश को तिब्बत से मिलाता हैं /
- **लिपु लेख** : - यह उत्तराखंड को तिब्बत से जोड़ता है / यह उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में अवस्थित हैं / इस पर उत्तराखंड, चीन, और नेपाल के ट्राई – जंक्शन स्थित हैं । इसी से कैलाश मानसरोवर की यात्रा सम्पन्न होता हैं/
- **माना** : - यह भी उत्तराखंड को तिब्बत से जोड़ता हैं जो बद्रीनाथ मंदिर से कुछ ही दूर स्थित है ।
- **नीति** :- यह भी उत्तराखंड और तिब्बत के जोड़ता है जो नवम्बर से लेकर मई तक बंद रहता हैं/

### 2. पूर्वी हिमालय के दर्रे : -

- **नाथू ला** : - यह सिक्किम (भारत) – चीन सीमा पर स्थित हैं जो लगभग 4310 मी. की ऊँचाई पर हैं/ यह प्राचीन सिल्क मार्ग का अंग था और यहाँ से भारत एवं चीन के बीच व्यापारिक संबंध थे / भारत – चीन युद्ध के बाद इसे बंद कर दिया गया था / लेकिन वर्ष 2006 को पुन: खोल दिया गया हैं/
- **बोम-डि-ला** : - यह भारत के पड़ोसी देश भूटान के पूर्व में तथा भारत - चीन सीमा के थोडा सा दक्षिण में महान हिमालय में स्थित है
- यह अरुणाचल प्रदेश का ल्हासा से सम्पर्क स्थापित करता हैं/
- **जेलेप ला** : -यह सिक्किम – भूटान सीमा पर स्थित हैं और चुम्बी घाटी द्वारा सिक्किम को ल्हासा (तिब्बत) से जोड़ता हैं/
- **दिहांग** : - यह अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी भाग पर स्थित हैं जो अरुणाचल प्रदेश को म्यांमार के मांडले को जोड़ता है
- **दीफू** : - यह अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी भाग पर स्थित हैं और म्यांमार के मांडले को छोटा मार्ग उपलब्ध कराता है जो साल भर यातायात के लिए खुला रहता हैं/
- **यांगसान** : - यह भी अरुणाचल प्रदेश को म्यांमार के मांडले को जोड़ता है / जो लगभग 4000 हजार मीटर की ऊँचाई पर स्थित हैं/

### 3. पश्चिमी घाट के दर्रे :-

- **भोर घाट** : - यह महाराष्ट्र के पश्चिमी घाट में स्थित हैं जिसकी ऊँचाई 630 मीटर हैं जो पुणे – कोलकाता के लिए मार्ग प्रस्तुत कराता हैं/
- **पाल घाट** :- केरल राज्य में स्थित यह दर्रा कोच्चि से कोयम्बटूर के लिए मार्ग प्रदान करता है /
- **थाल घाट** : - यह महाराष्ट्र के पश्चिमी घाट की 583 मीटर ऊँचा दर्रा हैं यहाँ से मुंबई व दिल्ली के लिए मार्ग प्रस्तुत होता हैं/
- **शेकोट्टा** :- ये केरल और तामिलनाडु को आपस में जोड़ता है।

## अध्याय – 6

## भारत में मृदा

- मिट्टी के अध्ययन को मृदा विज्ञान या पेडोलॉजी (pedology) कहा जाता है।

**मृदा के प्रकार**

1. जलोढ़ मृदा ( तराई मृदा , बांगर मृदा, खादर मृदा)
2. काली मृदा
3. लाल और पीली मृदा
4. लैटेराइट मृदा
5. पर्वतीय मृदा
6. मरुस्थलीय मृदा
7. लवणीय मृदा
8. पीट एवं जैव मृदा

- 1953 में केन्द्रीय मृदा संरक्षण बोर्ड का गठन किया गया।
- मृदा में सबसे अधिक मात्रा में क्वार्टज खनिज पाया जाता हैं।
- ऐपेटाइट नामक खनिज से मृदा को सबसे अधिक मात्रा में फास्फोरस प्राप्त होता हैं।
- वनस्पति मिट्टी में ह्युमस की मात्रा निर्धारित करती हैं।
- मृदा में सामान्यतः जल 25 प्रतिशत होता हैं।

**1. जलोढ़ मिट्टी –**

- यह मिट्टी भारत के लगभग 22% क्षेत्रफल पर पायी जाती है भारत का सम्पूर्ण उत्तरी मैदान, तटीय मैदान जलोढ़ मिट्टी का बना है।
- इसमें गाद, मर्तिका व रेत (slit ,clay & sand) के कण पाये जाते हैं।
- जलोढ़ मिट्टी को कछारी मृदा भी कहा जाता है।
- इस मृदा का निर्माण नदियों द्वारा लाए गए तलछट के निक्षेपण से हुआ है / इस प्रकार यह एक अक्षेत्रीय मृदा है।

**इस मृदा के तीन प्रकार होते है –**

1. बांगर (bangar)
2. खादर (khadar),
3. तराई

- पुराने जलोढ़ मिट्टी के मैदान **बांगर** कहलाते हैं।
  **बांगर** मृदा सतलज एवं गंगा के मैदान के उपरी भाग तथा नदियों के मध्यवर्ती भाग में पाई जाती है। यहाँ बाढ़ का पानी नही पहुँच पाता है। इस मृदा में चीका एवं बालू की मात्रा लगभग बराबर होती है।
- नयी जलोढ़ मिट्टी को **खादर** कहा जाता है।
  यह नवीन जलोढ़ मृदा है यहाँ प्रत्येक वर्ष बाढ़ का पानी पहुँचने से नवीनीकरण होता रहता है। यह मृदा खरीफ के फसल के लिए उपयुक्त होती है।
- यह नदियों द्वारा निर्मित मैदानी भाग में पंजाब से असम तक तथा नर्मदा, ताप्ती, महानदी, गोदावरी, कृष्णा व कावरी के तटवर्ती भागों में विस्तृत हैं।
- यह मिट्टी उच्च भागों में अपरिपक्व तथा निम्न क्षेत्रों में परिपक्व हैं।
- इस मिट्टी में पोटाश व चूना प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जबकि फास्फोरस, नाइट्रोजन व जीवांश का अभाव पाया जाता है।
- यह उपजाऊ मृदा है उर्वरता के दृष्टिकोण से यह काफी अच्छी मानी जाती है। इसमें धान, गेहूं, मक्का, तिलहन, दलहन, आलू आदि फसलें उगायी जाती हैं।
- **तराई मृदा** में महीन कंकड़, रेत, चिकनी मृदा, छोटे – छोटे पत्थर आदि पाएँ जाते है।
- इस मृदा में चट्टानी कणों के होने से जल ग्रहण की क्षमता अधिक होती हैं।
- इस मृदा में चूने की मात्रा अधिक होती हैं।
- यह गन्ने की कृषि के लिए उपयुक्त होता है।

**2. लाल - पीली मिट्टी :-**

- यह देश के लगभग 6.1 लाख वर्ग कि.मी. (18.6%) भू-भाग में हैं।
- इस मिट्टी का विकास आर्कियन ग्रेनाइट, नीस तथा कुड़प्पा एवं विंध्यन बेसिनों तथा धारवाड़ शैलों की अवसादी शैलो के उपर हुआ है।
- इनका लाल रंग लौह ऑक्साइड की उपस्थिति के कारण हुआ है।
- यह मिट्टी आंशिक रूप से अम्लीय प्रकार की होती हैं। इसमें लौहा, एल्युमीनियम तथा चूने का अंश कम होता हैं तथा जीवांश (ह्यूमस), नाइट्रोजन तथा फास्फोरस की कमी पाई जाती हैं।
- यह मिट्टी प्राय : उर्वरता-विहीन बंजर भूमि के रूप में पायी जाती हैं।
- भारत में यह मृदा झारखण्ड के संथाल परगना अवाम छोटा नागपुर का पठार पश्चिम बंगाल के पठारी क्षेत्र तमिलनाडु कर्नाटक दक्षिण – पूर्व महाराष्ट्र पश्चिमी एवं दक्षिणी आंध्रप्रदेश मध्यप्रदेश, मेघालय की गारो, खासी एवं जयन्तिया की पहाड़ी क्षेत्रों नागालैंड, राजस्थान में अरावली के पूर्वी क्षेत्र एवं छत्तीसगढ़ के अधिकांश भाग उड़ीसा एवं उत्तर प्रदेश के झाँसी ललितपुर मिर्जापुर में पाई जाती है।
- इस प्रकार के मृदा में मुख्यत : कपास, गेहूँ, दाले, चावल एवं मोटे अनाज की कृषि की जाती है।
- तमिलनाडु व कर्नाटक में इस मृदा में रबड़ एवं कहवा का विकास किया जा रहा है।

**3. काली मिट्टी –**

- इसका निर्माण बेसाल्ट चट्टानों के टूटने-फूटने से होता है।
- इसमें जलधारण क्षमता सबसे अधिक होती हैं।
- स्थानीय भाषा में इसे रेगुर कहा जाता है।
- काली मिट्टी को स्वतः जुताई वाली मृदा भी कहा जाता है। जिसमें सिचाई की कम आवश्यकता पड़ती है।
- यह मिट्टी कपास की खेती के लिए सबसे उपयुक्त मानी जाती है।

**16. तम्बाकू (Nicotin) -**

- यह एक शीतोष्ण कटिबंधीय पौधा है।
- तम्बाकू (tabacco) उत्पादन में चीन का विश्व में प्रथम स्थान है ।
- इसके लिए औसतन 15°C से 38°C का तापमान, 50 सेमी. की वार्षिक वर्षा बलुई दोमट मिट्टी की आवश्यकता होती है।
- तम्बाकू की पत्तियों को सुखाने की प्रक्रिया को रचाई कहते हैं, जिससे पत्तियों में वांछित रंग, गंध तथा लचक आदि गुणों का विकास होता है ।
- प्रथम तीन शीर्ष उत्पादक राज्य आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक हैं ।
- भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा तम्बाकू निर्यातक तथा चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता राष्ट्र है ।
- भारत में विश्व के कुल तम्बाकू का 8% तम्बाकू उत्पादन होता है ।

**17. नारियल (Coconut) –**

- नारियल एक उष्ण कटिबंधीन जलवायु का पौधा है।
- इसे 20°C से 25°C का 150 सेमी. से अधिक की वर्षा, पाला और सूखा रहित तटीय जलवायु बलुई दोमट हल्की रेगड़ मिट्टियों की जरूरत होती है।
- इसे विभिन्न प्रकार की मिट्टियों में और पहाड़ी ढालों के सहारे 800-100 मी. की ऊँचाई तक भी उगाया सकता है। इससे प्राप्त गरी से तेल, साबुन बनाने का कच्चा माल तथा वनस्पति घी आदि प्राप्त होता है।
- भारत इण्डोनेशिया और फिलीपींस के बाद विश्व में नारियल का तीसरा बड़ा उत्पादक देश है। देश के तीन दक्षिणी राज्यों केरल, तमिलनाडु एवं कर्नाटक में नारियल का 83.2 प्रतिशत क्षेत्र पाया जाता है।

**प्रमुख फसलों के रोग व लक्षण रोग**

| फसलें | रोग | लक्षण |
|---|---|---|
| चावल | ब्लास्ट | पत्तियों पर भूरे रंग के नाव की आकृति में चकते दिखाई पड़ते है। |
| गेहूँ | रतुआ | पत्तियों पर पीले, भूरे या काले रंग के धब्बे दिखाई पड़ते हैं । |
| गन्ना | लाल विगलन<br>ग्राशी शूट | छोटे लाल रंग के धब्बे पत्ती की मध्य शिरा पर प्रकट होते हैं गन्ने का भीतरी भाग लाल हो जाता हैं<br>सत से पतले - पतले अनेक फल्ले फुट निकलते हैं । |
| चना | उखटा | पत्तियाँ पीली पड़कर सुख जाती हैं, जड़े काली पड़कर गल जाती हैं |
| अरहर | तना बिगलन (स्टेन राट) | मिट्टी की सतह के पास तने पर भूरे या गहरे भूरे धब्बे उभर जाते हैं, तना कट जाता हैं और पौधे मर जाते हैं । |

**प्रमुख बहु - उद्देशीय परियोजनाएँ :-**

| परियोजना का नाम | नदी | लाभान्वित राज्य |
|---|---|---|
| भांगड़ा - नांगल | सतलज नदी | पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान |
| नागार्जुन सागर | कृष्णा नदी | आंध्र प्रदेश |
| चंबल | चंबल नदी | राजस्थान ,मध्य प्रदेश |
| हीराकुंड बांध | महा नदी | ओडिशा |
| व्यास | व्यास नदी | राजस्थान पंजाब हरियाणा |
| दामोदर | दामोदर नदी | झारखण्ड, पश्चिम बंगाल |
| तवा | तवा नदी | मध्य प्रदेश |
| मालप्रभा | मालप्रभा नदी | कर्नाटक |
| नागपुर शक्तिग्रह | कोरडी नदी | महाराष्ट्र |
| काकड़ापारा | ताप्ती नदी | गुजरात |
| कोसी नदी | कोसी नदी | बिहार, नेपाल |
| तुंगभद्रा | तुंगभद्रा नदी | आंध्र प्रदेश,कर्नाटक |
| मयुरक्षी | मयुरक्षी नदी | पं. बंगाल |
| फरक्का | गंगा नदी | पं . बंगाल |
| गंडक | गंडक नदी | बिहार नेपाल |
| कुंडा | कुंडा नदी | तमिलनाडु |
| कोयना | कोयना नदी | महाराष्ट्र |
| टिहरी | भागीरथी नदी | उतराखंड |
| माताटीला | बेतवा नदी | उत्तर प्रदेश |
| भीमा परियोजना | पवना नदी | महाराष्ट्र |
| शारदा | गोमती, शारदा नदी | उत्तर प्रदेश |
| नाथपा -झाकरी | सतलज नदी | हिमाचल प्रदेश |
| कोल डैम | सतलज नदी | हिमाचल प्रदेश |
| शरावती | शरावती नदी | कर्नाटक |
| इंदिरा गाँधी | सतलज नदी | पंजाब,हरियाणा, राजस्थान |
| उकाई | ताप्ती नदी | गुजरात |

INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO

# अध्याय – 8

## खनिज एवं ऊर्जा संसाधन

### खनिज संसाधन -

- खनिज से तात्पर्य प्राकृतिक रूप में पाए जाने वाले ऐसे पदार्थों से है जिसका निश्चित रासायनिक, भौतिक गुणधर्म एवं रासायनिक संगठन हो तथा उनको खनन उत्खनन के द्वारा प्राप्त किया जाता है साथ ही इन सभी का आर्थिक महत्त्व हो, खनिज संसाधन कहलाते हैं।

**खनिज**
- **धात्विक खनिज**
  - **लौह धात्विक** – उदाहरण- लौहा, मैंगनीज इत्यादि
  - **अलौहा धात्विक** – उदाहरण- तांबा, एल्युमिनियम आदि
- **अधात्विक खनिज**
  - **ईंधन खनिज** – उदाहरण- कोयला,पेट्रोलिय, प्राकृतिक गैस आदि
  - **अन्य अधात्विक खनिज** – उदाहरण- माइका, चुना पत्थर, ग्रेफाईट

- **पृथ्वी की भी पर्पटी पर पाए जाने वाले प्रमुख खनिज निम्न है-**

| खनिज | प्रतिशत |
|---|---|
| ऑक्सीजन | 46.60 |
| सिलिकन | 27.72 |
| एलुमिनियम | 8.13 |
| लौह | 5.00 |
| कैलशियम | 3.63 |
| सोडियम | 2.83 |
| पोटैशियम | 2.59 |
| मैंगनेशियम | 2.09 |
| अन्य | 1.41 |

- भारत में आजादी के समय तक 22 प्रकार के खनिजों का खनन किया जाता था लेकिन आज इनकी संख्या बढ़कर 125 हो गई है, इनमें से 35 खनिज आर्थिक दृष्टि से बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। अभी तक मानव को लगभग 1600 प्रकार के खनिजों का ज्ञान हो चुका है।
- खनिजों की आत्मनिर्भरता की दृष्टि से संयुक्त राज्य अमेरिका प्रथम, भारत द्वितीय स्थान पर तथा रूस तृतीय स्थान पर है।

### भारत में खनिजों का वितरण -

**खनिज संसाधनों की मेखलायें (Belts of Mineral Resources)**

भारत में खनिजों का वितरण समान नहीं हैं । भारत में पाये जाने वाले विविध प्रकार के खनिजों को उनके वितरण के अनुसार निम्न मेखलाओं में सीमाबद्ध किया जा सकताहैं।

**1. बिहार-झारखण्ड - उड़ीसा-पश्चिम बंगाल मेखला :**

✓ यह मेखला छोटा नागपुर व समीपवर्ती क्षेत्रों में फैली हुई हैं। यह मेखला लौह अयस्क मैंगनीज, ताँबा, अभ्रक, चूना पत्थर, इल्मेनाइट, फॉस्फेट, बॉक्साइट आदि खनिजों की दृष्टि से धनी हैं । झारखण्ड खनिज उत्पादन की दृष्टि से प्रमुख राज्य है ।

**2. मध्यप्रदेश – छत्तीसगढ़ – आंध्रप्रदेश -महाराष्ट्र मेखला:**

✓ इस मेखला में भी लौह अयस्क, मैंगनीज, बॉक्साइट, चूना पत्थर, ऐस्बेस्टॉस, ग्रेफाइट, अभ्रक, सिलिका, हीरा आदि बहुलता से प्राप्त होते हैं।

**3. कर्नाटक - तमिलनाडु मेखला :**

✓ यह मेखला सोना, लिग्नाइट, लौह अयस्क, ताँबा, मैंगनीज, जिप्सम, नमक, चूना पत्थर के लिए प्रसिद्ध हैं।

**2. रीवा अल्ट्रा सौर ऊर्जा परियोजना**

- विश्व बैंक के द्वारा मध्य प्रदेश में बन रही रीवा अल्ट्रा मेगा सौर ऊर्जा आंतरिक व्यवस्था को विकसित करने के लिए ऋण देगा।
- रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर संस्था इस प्रकार का ऋण प्राप्त करने वाली देश की पहली संस्था बन गई है।
- इससे 750 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा
- इस सौर परियोजना से मध्य प्रदेश को 14000 करोड़ की बचत होगी।
- इसके अलवा दिल्ली मेट्रो को भी विद्युत आपूर्ति की जाएगी/

**3. सौभाग्य योजना**

- इस योजना का उद्देश सभी घरों को बिजली प्रदान करना हैं, अर्थात् जिनके पास वर्तमान में बिजली नही है/ ये कनेक्शन गरीबों को मुफ्त में प्रदान किये जायेंगे/
- देश भर में योजना के संचालन के लिए नोडल एजेंसी होगी/

**4. उजाला योजना**

- यह सस्ते एलईडी बल्ब के वितरण की विश्व की सबसे बड़ी योजना है।
- ऊर्जा संरक्षण के लिए सस्ते एलईडी बल्बों को जन – जन तक पहुँचाने की बेहद सफल योजना भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है
- इस योजना को जहाँ भारत सरकार के EESL द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा, वहीं इसकी लोजिस्टिकल सपोर्ट के लिए ग्रीन ग्रोथ एशिया नामक गैर लाभकारी संगठन अपना सहयोग दे रहा है/

**5. ऊर्जा गंगा परियोजना**

- 24 अक्टूबर 2016 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में केंद्र सरकार की अति महत्त्वाकांक्षी गैस पाइपलाइन परियोजना ऊर्जा गंगा का शिलान्यास किया/
- ऊर्जा गंगा परियोजना पूर्वी भारत के सात शहरों वाराणसी, राँची, कटक, पटना, कोलकाता, जमशेदपुर, भुवनेश्वर के लिए शहरी गैस वितरण परियोजना है/
- इस परियोजना में 2540 किमी. पाइपलाइन बिछाने का लक्ष्य रखा गया हैराज्य द्वारा संचालित गैस यूटिलिटी –गैस ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड इस परियोजना को क्रियान्वित कर रहा है/

## अध्याय – 9

## प्रमुख उद्योग और औद्योगिक विकास

- USA की सिलिकॉन वैली सेन-फ्रांसिस्को (उत्तरी कैलीफोर्निया) में स्थित है।
- ओसाका नगर जापानी सूती वस्त्र उद्योग (cotton textile industry) का प्रमुख केन्द्र है।
- सूती वस्त्र उद्योग के लिए आर्द्र जलवायु तथा समुद्री समीर उपयुक्त मानी जाती है।
- विश्व में सूती वस्त्र उत्पादक सबसे बड़ा देश चीन है।
- रुर बेसिन (ruhr basin) जर्मनी देश का प्रसिद्ध औद्योगिक क्षेत्र है।
- ऊन (wool) का सबसे बड़ा उत्पादक देश चीन है।
- विश्व में पोटाश उर्वरक का सर्वाधिक भंडार कनाडा देश में स्थित है।

**औद्योगिक शहरों के उपनाम**

| औद्योगिक शहरों | उपनाम |
|---|---|
| गोर्की | रूस का डेट्रायट |
| पीथमपुर | भारत का डेट्रायट |
| ट्यूरिन | इटली का डेट्रायट |
| विंडसर | कनाडा का डेट्रायट |
| नागोया | जापान का डेट्रायट |
| शंघाई | चीन का मेनचेस्टर |
| अहमदाबाद | भारत का मेनचेस्टर |
| मिलान | इटली का मेनचेस्टर |
| ओसाका | जापान का मेनचेस्टर |
| कानपूर | उत्तर भारत का मेनचेस्टर |
| कोयम्बटूर | दक्षिण भारत का मेनचेस्टर |
| पिट्सवर्ग | विश्व की इस्पात नगरी |
| यावता | जापान का पीट्सबर्ग |
| टूला | रूस का पिट्सवर्ग |
| जमशेदपुर | भारत का पीट्सबर्ग |
| हैमिल्टन | कनाडा का बर्मिंघम |

**विश्व के प्रमुख औद्योगिक केंद्र**

| देश | लौह उद्योग के प्रमुख केंद्र |
|---|---|
| स.रा.अमेरिका | पीट्सबर्ग(विश्व की इस्पात राजधानी ) |
| जापान | ओसाका, कोबे व क्योटो, नागासाकी, कावासाकी |
| रूस | मॉस्को, मेंग्नीटोगोसर्क, चेलियाविंस्क, टूला |

| देश | वस्त्र उद्योग के प्रमुख केंद्र |
|---|---|
| चीन | शंघाई, कैन्टन, वुहान, नानकिंग, चुगकिंग, बीजींग |
| ब्रिटेन | मेनचेस्टर, ब्रैडफोर्ड, डबीशायर, लीड्स |
| भारत | मुंबई, अहमदाबाद, कोलकाता, कोयम्बटूर, मदुरै |

## भारतीय उद्योग (Indian Industry)

### I. स्वतंत्रता से पूर्व भारत में स्थापित उद्योग-

- लौह इस्पात उद्योगः- 1874 में कुल्टी (प. बंगाल) में पहला व्यवस्थित लौह इस्पात केन्द्र स्थापित किया गया ।
- **एल्युमिनियम उद्योगः-** 1837 में जे.के. नगर (प. बंगाल) में पहला एल्युमिनियम उद्योग स्थापित किया गया ।
- **सीमेन्ट उद्योगः-** भारत में प्रथम सीमेंट कारखाना वर्ष 1904 में गुजरात के पोरबंदर में स्थापित किया गया, परंतु सीमेंट का उत्पादन वर्ष 1904 में चेन्नई में स्थापित कारखाने में प्रारंभ हुआ ।
- **रसायनिक उद्योगः-** भारत में रसायनिक उद्योग की शुरूआत 1906 में रानीपेट (तमिलनाडु) में सुपर फॉस्फेट के यंत्र के साथ हुई ।
- **जहाजरानी उद्योगः-** 1941 में विशाखापट्नम में पहला जहाजरानी उद्योग लगाया गया जिसका नाम हिन्दुस्तान शिपयार्ड था ।
- **सुती वस्त्र उद्योगः-** 1818 में कोलकता में प्रथम सुती वस्त्र मील की स्थापना की गई जो असफल रही । 1854 में मुंबई में प्रथम सफल सुती वस्त्र मील की स्थापना डाबर द्वारा की गई ।
- **जूट उद्योगः-** जूट उद्योग की स्थापना 1854 में रिशरा (कोलकाता) में की गई ।
- **ऊनी वस्त्र उद्योगः-** भारत में पहली ऊनी वस्त्र मील की स्थापना 1876 में कानपुर में की गई ।
- वर्ष 1951-52 में GDP में औद्योगिक क्षेत्र का भाग 16.6 प्रतिशत था जो कि वर्ष 2016-17 में बढ़कर 29.02 प्रतिशत हो गया तथा वर्तमान में यह लगभग 31 प्रतिशत हैं ।

### भारत के प्रमुख विनिर्माण उद्योग

#### लौह इस्पात उद्योगः-

- वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन 2018 की रिपोर्ट के अनुसार लौह इस्पात उत्पादन में भारत चीन व अमेरिका के बाद तीसरे स्थान पर हैं ।
- 2003 के बाद से भारत स्पंज आयरन का विश्व में सबसे बड़ा उत्पादन करता हैं ।
- फरवरी 2018 से भारत कच्चे इस्पात के उत्पादन में जापान को पीछे छोड़कर दूसरे पायदान पर आ गया हैं ।
- इस उद्योग में कच्चे माल के रूप में लौह अयस्क, मैंग्नीज, चूना पत्थर, कुकिंग कोयला एवं डोलामाइट का प्रयोग किया जाता हैं ।
- 1907 में साकची, झारखण्ड में जमशेदजी टाटा द्वारा लौह इस्पात उद्योग टाटा आयरन व स्टील कंपनी (TLSCO) की स्थापना की गई । इसे भारत में आधुनिक लौह इस्पात की शुरूआत माना जाता हैं ।
- भारत में पहली बार 1874 में कुल्टी, पं.बंगाल में 'बंगाल आयरन वर्क्स' की स्थापना हुई, जो अब बंगाल लौहा व इस्पात उद्योग में बदल गया हैं ।
- 1907 में जमशेदपुर में TISCO भारत में स्थापित पहली नीजी क्षेत्र की लौह इस्पात उद्योग की इकाई बनी ।

#### दूसरी पंचवर्षीय योजना में लगाए गए कारखाने -

- राउरकेला (ओड़िशा):- जर्मनी के सहयोग से स्थापित (1955 में स्थापना, 1959 से उत्पादन शुरू)
- भिलाई (छत्तीसगढ़):- रूस के सहयोग से स्थापित (1955 में स्थापना, 1959 से उत्पादन शुरू)
- दुर्गापुर (प. बंगाल):- ब्रिटेन के सहयोग से स्थापित (1959 में स्थापना, 1962 से उत्पादन शुरू)

  **नोटः-** तीसरी पंचवर्षीय योजना में रूस की सहायता से 1966 में बोकारो (झारखण्ड) में लौह इस्पात कारखाने की स्थापना की गई ।

  1974 में सरकार ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (SAIL) की स्थापना की तथा इसे इस्पात उद्योग के विकास की जिम्मेदारी दी गई । 'सेल' के अधीन एकीकृत इस्पात संयत्रों की संख्या अब आठ (भिलाई, दुर्गापुर, राउरकेला, बोकारो, इस्को, विश्वेश्वरैया, विशाखापट्नम एवं सलेम) हो गई हैं ।

#### सीमेंट उद्योगः-

- वर्तमान में भारत सीमेंट उत्पादन में चीन के बाद विश्व में दूसरा स्थान रखता हैं ।
- देश में आधुनिक सीमेंट बनाने का कारखाना 1904 में चेन्नई में शुरू हुआ ।
- यह एक भार ह्रासी उद्योग है जिसमें एक टन उत्पादन के लिए 2.02 टन कच्चे माल की आवश्यकता होती हैं, जिसमें 1.6 टन केवल चूना पत्थर होता हैं ।
- इसके अपशिष्ट पदार्थ स्लैग कहलाते हैं ।
- मध्य प्रदेश में चूना पत्थर के सर्वाधिक संचित भण्डार होने कारण इस उद्योग का सर्वाधिक विकास मध्य प्रदेश में हुआ हैं ।
- सीमेंट उद्योग के सर्वाधिक कारखाने आंध्रप्रदेश में हैं ।
- सीमेंट उद्योग के सर्वाधिक कारखाने आंध्रप्रदेश में हैं।

#### रासायनिक उर्वरक उद्योगः-

- हरित क्रांति को सफल बनाने में सबसे महत्त्वपूर्ण योगदान इसी उद्योग का रहा ।
- भारत नाइट्रोजन उत्पादकों का दूसरा सबसे बड़ा तथा फॉस्फेट उर्वरकों का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक हैं
- भारत में पोटाश उर्वरकों का उत्पादन नहीं होता हैं।
- रसायनिक उर्वरकों के अन्तर्गत तीन प्रकार के उर्वरकों का उत्पादन होता हैं -
- नाइट्रोजन, फॉस्फेटिक व पोटश उर्वरक
- भारत की जलोढ़ मृदा में नाइट्रोजन की कमी के कारण यहाँ नाइट्रोजन उर्वरक की मांग व उत्पादन अधिक होता हैं।
- भारत में मुख्यतः 2 प्रकार के उर्वरकों का उत्पादन किया जाता है -

  (1) नाइट्रोजन आधारित उर्वरक
  (2) फॉस्फोरस आधारित उर्वरक

महानगरों ( दिल्ली , मुम्बई , कोलकात्ता , चेन्नई ) को जोड़ने का परिचालन किया जाएगा ।

| भारत के रेल-मंडल एवं उनके मुख्यालय | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | रेल-मंडल | मुख्यालय | | रेल-मंडल | मुख्यालय |
| 1. | उत्तर रेलवे | नई दिल्ली | 2. | पश्चिम रेलवे | चर्च गेट मुम्बई |
| 3. | दक्षिण रेलवे | चेन्नई | 4. | पूर्व रेलवे | कोलकाता |
| 5. | मध्य रेलवे | मुम्बई सेन्ट्रल | 6. | द.- मध्य रेलवे | सिकंदराबाद |
| 7. | द. - पूर्व रेलवे | कोलकाता | 8. | पूर्वोत्तर रेलवे | गोरखपुर |
| 9. | उ.-पूर्वी मध्य रेलवे | मालेगाव | 10. | पूर्व-मध्य रेलवे | हाजीपुर |
| 11. | उत्तर - मध्य रेलवे | इलाहबाद (प्रयागराज) | 12. | प.-मध्य रेलवे | जबलपुर |
| 13. | द.-प. रेलवे | हुबली (कर्नाटक) | 14. | उ.-प. रेलवे | जयपुर |
| 15. | पूर्व तट रेलवे | भुवनेश्वर | 16. | द.-पूर्व मध्य रेलवे | बिलासपुर |
| 17. | कोलकाता मेट्रो | कोलकाता | | | |

| देश में तीन प्रकार के रेल मार्ग हैं | | |
|---|---|---|
| प्रकार | पटरियों की चौड़ाई | लम्बाई |
| ब्रोड गेज | 1.676 मी. | 49820 किमी. |
| मीटर गेज | 1.000 मी. | 10621 किमी. |
| नेरो गेज | 0.610 मी. | 2886 किमी. |

**कोलकाता मेट्रो रेल सेवा –**

- 1972 – मेट्रो रेलवे, कोलकाता की आधारशिला 29 दिसंबर को रखी गई।
- 1984 – 24 अक्टूबर को भारत की प्रथम मेट्रो के रूप में मेट्रो रेलवे, कोलकाता का शुभारंभ हुआ। 3.4 किमी. के विस्तार पर एस्प्लानेड से भवानीपुर (अब नेताजी भवन तक वाणिज्यिक सेवा का शुभारंभ हुआ।
- 1995 – 27 सितंबर को दमदम से टॉलीगंज तक 17 स्टेशनों के बीच 16.45 किमी. के संपूर्ण विस्तार पर वाणिज्यिक सेवा का आरंभ किया गया।

**दिल्ली मेट्रो रेल सेवा –**

- दिल्ली में सर्वप्रथम 25 दिसम्बर ,2002 को तीस हजारी से शहादरा के बीच शुरु हुई थी। इस परियोजना में कोरिया एवं जापानी कंपनी का सहयोग मिला है।
- विश्व का सबसे लम्बा रेलमार्ग ट्रांस, साइबेरियन रेलमार्ग है, जो लेनिनग्राड से ब्लाडीवोस्टक (रूस) तक 9297 किमी. लम्बा है।

- भारत समेत एशिया और यूरोप के 28 देशों ने ट्रांस एशिया रेलवे नेटवर्क पर समझौता किया है, जिसकी लम्बाई 14000 किमी. होगी।
- देश में किसी भी रेलमंत्री द्वारा अब तक सर्वाधिक बार रेल बजट पेश करने का रिकार्ड जगजीवन राम के नाम है।
- भारतीय रेल को 17 जोन (मंडल) में विभाजित किया गया है। प्रत्येक जोन का प्रधान महाप्रबंधक होता है।

**गतिमान एक्सप्रेस**

- गतिमान एक्सप्रेस ट्रेन को रेलमंत्री ने 5 अप्रेल, 2016 को हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से रवाना किया जो आगरा कैंट तक 187 किमी. की दूरी 100 मिनट में तय करती है ।
- यह रेलगाड़ी देश की पहली हाई स्पीड ट्रेन होगी ।
- यह रेलगाड़ी में सुरक्षा के साथ परिचायिका तथा वाई - फाई के साथ आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित है ।

**शान - ए - पंजाब एक्सप्रेस**

- यह रेल अमृतसर से दिल्ली के मध्य चलती है। जिसका शुभारम्भ 8 अप्रेल, 2016 को हुआ , इसके सभी 21 कोचों में सीसीटीवी केमरे है ।

**हिम सागर एक्सप्रेस**

- देश की सबसे लम्बी दूरी 3729 किमी . तय करने वाली जो कन्याकुमारी से जम्मूतवी तक चलती है ।

**टेल्गो ट्रेन**

- 2 मार्गों पर टेल्गो ट्रेन चलती है ।

## अध्याय – 2

## दिल्ली सल्तनत के प्रमुख राजवंश

### गुलाम वंश से लेकर लोदी वंश

### दिल्ली सल्तनत

**दिल्ली सल्तनत के क्रमानुसार पाँच वंश निम्नलिखित थे –**

### गुलाम वंश के शासक –

### कुतुबुद्दीन ऐबक (1206-1210 ई. तक)

- भारत में तुर्की राज्य /दिल्ली सल्तनत /मुस्लिम राज्य की स्थापना करने वाला शासक ऐबक ही था।
- गुलाम वंश की स्थापना कुतुबुद्दीन ऐबक ने 1206 ई. में की थी । इसने अपनी राजधानी लाहौर में बनाई।
- ऐबक का अर्थ होता है चंद्रमुखी ।
- ऐबक के राजवंश को कुतुबी राजवंश के नाम से जन जाता है ।
- मुहम्मद गौरी ने ऐबक को अमीर-ए-आखूर अस्तबलों का प्रधान के पद पर नियुक्त किया।
- 1192 ई. के तराईन के युद्ध में ऐबक ने गौरी की सहायता की।
- तराईन के द्वितीय युद्ध के बाद गौरी ने ऐबक को अपने मुख्य भारतीय प्रदेशों का सूबेदार नियुक्त किया।
- जून 1206 में राज्याभिषेक करवाया तथा सुल्तान की बजाय मलिक/सिपहसालार की उपाधि धारण की यह उपाधि इसे मुहम्मद गौरी ने दी थी ।
- इसने अपने नाम के सिक्के भी नहीं चलाये एवं अपने नाम का खुतबा पढ़वाया (खुतबा एक रचना होती थी जो मौलवियों से सुल्तान शुक्रवार की रात को नजदीक की मस्जिद में अपनी प्रंशसा में पढ़वाते थे ।)खुतबा शासक की संप्रभूता का सूचक होता था।
- ऐबक ने प्रारंभ इंद्रप्रस्थ में दिल्ली के पास को सैनिक मुख्यालय बनाया तथा कुछ समय बाद यल्दौज तथा कुबाजा (मुहम्मद गौरी के दास) के संघर्ष को देखते हुए लाहौर को अपनी राजधानी बनाया।
- ऐबक ने यल्दौज पर आक्रमण कर गजनी पर अधिकार कर लिया, लेकिन गजनी की जनता यल्दौज के प्रति वफादार थी तथा 40 दिनों के बाद ऐबक ने गजनी छोड़ दिया ।

### ऐबक की मृत्यु –

- 1210 ई. में लाहौर में चौगान पोलो खेलते समय घोड़े से गिर जाने के कारण ऐबक की मौत हो गई। इसका मकबरा लाहौर में ही बनाया गया है ।
- भारत में तुर्की राज्य का वास्तविक संस्थापक कुतुबुद्दीन ऐबक को मान जाता है ।
- भारत में मुस्लिम राज्य का संस्थापक मुहम्मद गौरी को माना जाता है । स्वतंत्र मुस्लिम राज्य का संस्थापक कुतुबुद्दीन ऐबक को माना जाता है ।
- कुतुबुद्दीन ऐबक के दरबार में हसन् निजामी एवं फख-ए-मुदब्बिर आदि प्रसिद्ध विद्वान थे ।
- 'कुव्वत-उल-इस्लाम -"अढ़ाई दिन का झोंपड़ा बनवाया । तथा 'कुतुबमीनार 'का निर्माण कुतुबुद्दीन ऐबक ने शुरु करवाया और इल्तुतमिश ने पूरा किया। कुतुबमीनार शेख ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी की स्मृति में बनवाया गया है ।
- कुतुबुद्दीन ऐबक को अपनी उदारता एवं दानी प्रवृति के कारण लाखबख्श (लाखों का दानी)कहा गया है ।
- इतिहासकार मिन्हाज ने कुतुबुद्दीन ऐबक को उसकी दानशीलता के कारण हातिम द्वितीय की संज्ञा दी है ।
- प्राचीन नालन्दा विश्वविद्यालय को ध्वस्त करने वाला ऐबक का सहायक सेनानायक बख्तियार खिलजी था ।

### इल्तुतमिश (1210-1236 ई. )

- मलिक शम्सुद्दीन इल्तुतमिश ऐबक का दामाद था, न कि उसका वंशज। इल्तुतमिश का शाब्दिक अर्थ राज्य का रक्षक स्वामी होता है।। उसका समानार्थक शब्द आलमगीर या जहाँगीर विश्व विजेता भी होता है ।
- ऐबक की मृत्यु के समय इल्तुतमिश बदायूँ यू.पी. का इक्तेदार था।
- इल्तुतमिश दिल्ली सल्तनत का वास्तविक संस्थापक तथा प्रथम वैधानिक सुल्तान था। जिसने दिल्ली को अपने राजधानी बनाया ।
- इसने 1229 ई. में बगदाद के खलीफा अल-मुंतसिर-बिल्लाह से सुल्तान की उपाधि व खिलअत इजाजत प्राप्त की।
- इल्तुतमिश ने अपने नाम का खुतबा पढ़वाया तथा मानक सिक्के टंका चलाया था। टंका चांदी का होता था (1 टंका =48 जीतल)
- इल्तुतमिश यह पहला मुस्लिम शासक था जिसने सिक्कों पर टकसाल का नाम अंकित करवाया था।
- शहरों में इल्तुतमिश ने न्याय के लिए काजी, अमीर-ए-दाद जैसे अधिकारी नियुक्त किये।
- इल्तुतमिश ने अपने 40 तुर्की सरदारों को मिलाकर तुर्कान-ए-चहलगामी नामक प्रशासनिक संस्था की स्थापना की थी।

### इक्ता प्रणाली का संस्थापक –

- इल्तुतमिश ने प्रशासन में इक्ता प्रथा को भी स्थापित किया। भारत में इक्ता प्रणाली का संस्थापक इल्तुतमिश ही था। इक्ता का अर्थ है – धन के स्थान पर तनख्वाह के रूप में भूमि प्रदान करना ।
- इसने दोआब गंगा-यमुना क्षेत्र में हिन्दुओं की शक्ति तोड़ने के लिए शम्सीतुर्की उच्च वर्ग सरदारों को ग्रामीण क्षेत्र में इक्तायें जागीर बांटी।
- 1226 में रणथंभौर पर आक्रमण
- 1227 में नागौर पर आक्रमण
- 1232 में मालवा पर आक्रमण - इस अभियान के दौरान इल्तुतमिश उज्जैन से विक्रमादित्य की मूर्ति उठाकर लाया था।

- 1235 में ग्वालियर का अभियान -इस अभियान के दौरान इल्तुतमिश ने अपने पुत्रों की बजाय पुत्री रजिया को उत्तराधिकारी घोषित किया।
- 1236 ई. में बामियान अफगानिस्तान पर आक्रमण । यह इल्तुतमिश का अंतिम अभियान था।
- इल्तुतमिश पहला तुर्क सुल्तान था जिसने शुद्ध अरबी सिक्के चलाये ।
- इल्तुतमिश के दरबार में मिन्हाज-उस-सिराज मलिक दाजुद्दीन को संरक्षण मिला ।
- अजमेर की मस्जिद का निर्माण इल्तुतमिश ने करवाया था।
- इल्तुतमिश से सम्बन्धित 'हश्म-ए-कल्ब 'या कल्ब-ए-सुल्तानी सुल्तान द्वारा स्थापित सेना को कहा जाता था ।
- इल्तुतमिश को भारत में गुम्बद निर्माण का पिता कह जाता है, उसने सुल्तानगढ़ी का निर्माण करवाया ।

**निर्माण कार्य-**

- स्थापत्य कला के अन्तर्गत इल्तुतमिश ने कुतुबुद्दीन ऐबक के निर्माण कार्य कुतुबमीनार को पूरा करवाया। भारत में सम्भवतः पहला मकबरा निर्मित करवाने का श्रेय भी इल्तुतमिश को दिया जाता है ।
- इल्तुतमिश ने बदायूँ की जामा मस्जिद एवं नागौर में अतारकिन के दरवाजा का निर्माण करवाया। उसने दिल्ली में एक विद्यालय की स्थापना की।

**मृत्यु -**

- बयाना पर आक्रमण करने के लिए जाते समय मार्ग में इल्तुतमिश बीमार हो गया। इसके बाद इल्तुतमिश की बीमारी बढ़ती गई। अन्ततः अप्रैल 1236 में उसकी मृत्यु हो गई।
- इल्तुतमिश प्रथम सुल्तान था, जिसने दोआब के आर्थिक महत्व को समझा था और उसमें सुधार किया था।
- इल्तुतमिश का मकबरा दिल्ली में स्थित है जो एक कक्षीय मकबरा है ।

**रजिया सुल्तान ( 1236-1240 ई).**

- सुल्ताना रजिया (उसका पुरा नाम जलॉलात उद-दिन-रजिया था )का जन्म -1205 ई. में बदायूँ में हुआ था, उसने उमदत -उल -निस्वाँ की उपाधि ग्रहण की ।
- रजिया ने पर्दा प्रथा को त्यागकर पुरुषों के समान काबा चोगा पहनकर दरबार की कारवाई में हिस्सा लिया।
- दिल्ली की जनता ने उसे 'रजिया सुल्तान' मानकर दिल्ली की गद्दी पर बैठा दिया। हालांकि वजीर जुनैदी उससे प्रसन्न नहीं था इसलिए इस समय उसने ही रजिया के सिंहासनारोहण का विरोध किया। रजिया ने उसके बाद वजीर का पद ख्वाजा मुहाजबुद्दीन को दिया।
- वह दिल्ली सल्तनत की पहली एवं आखिरी मुस्लिम महिला शासिका थी।
- 'सुल्तान रजियत अल दुनिया वाल दीन बिन्त अल सुल्तान' के रूप में सिक्के ढ़ाले गये।
- शासक बनने पर रजिया ने उद्मत-उल-निस्वां की उपाधि धारण की।
- रजिया ने प्रथम अभियान 'रणथम्भौर' पर किया तदुपरान्त ग्वालियर पर हमला किया गया। हालांकि दोनों अभियान असफल रहे।
- रजिया ने महिला वस्त्र त्यागकर पुरुषों के वस्तु काबा (कुर्ता) एवं कुलाह(पगड़ी) धारण करने लगी।
- रजिया ने अल्तुनिया से शादी कर ली। अक्टूबर 1240 ई. में कैथल में डकैतों ने रजिया एवं अल्तुनिया की हत्या कर दी। और इस तरह 3 वर्ष 6 माह और 6 दिन तक शासन करने वाली रजिया का अन्त हुआ।''

**मुइजुद्दीन बहरामशाह (1240-1242 ई)**

- बहरामशाह एक मुस्लिम तुर्की शासक था, जो दिल्ली का सुल्तान था। बहरामशाह गुलाम वंश का था। रजिया सुल्तान को अपदस्थ करके तुर्की सरदारों ने मुइजुद्दीन बहराम शाह को दिल्ली के तख्त पर बैठाया (1240-1242 ई )
- यह इल्तुतमिश का पुत्र तथा रजिया का भाई था।

**अलाउद्दीन मसूद शाह (1242-1246 ई)**

- मसूद का शासन तुलनात्मक दृष्टि से शांतिपूर्ण रहा। इस समय सुल्तान तथा सरदारों के मध्य संघर्ष नहीं हुए।
- वास्तव में यह काल बलबन की 'शांति निर्माण' का काल था।

**नासिरुद्दीन महमूद (1246-1265 ई)**

